# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांकः 22.08.2026

*श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी द्वारा चलाये गये विशेष अभियान के दौरान जनपद मीरजापुर से 03 शातिर पुरस्कार घोषित अपराधी गिरफ्तार–*

श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी द्वारा दिनांकः29.07.2026 से दिनांकः20.08.2026 तक वाराणसी जोन में वांछित पुरस्कार घोषित अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाकर गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये थे जिसके क्रम में अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में जनपद के थाना कछवां से अभियुक्त सन्तोष उपाध्याय पुत्र विजय नाथ उर्फ लल्लू उपाध्याय निवासी ग्राम मधुपट्टी थाना सुरीयावां जनपद भदोही उम्र 40 वर्ष को अन्तर्गत धारा-8/22 एनडीपीएस एक्ट में, थाना जमालपुर से बेताब आलम पुत्र मुख्तार आलम निवासी दलेल नगर थाना अजीतमल जनपद औरैया उम्र 26 वर्ष को अन्तर्गत धारा-उ0प्र0 गिरोहबन्द और समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम (गैंगेस्टर एक्ट) में व थाना लालगंज से गुफरान पुत्र ईशा निवासी घुर्माबाद जनपद रोहताश बिहार उम्र 27 वर्ष को अन्तर्गत धारा-3/5A/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 5बी उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम 1955(संशोधन 2020) में 25-25 हजार के पुरस्कार घोषित इनामियां कुल तीन नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।